TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

10 जनवरी 2026

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की उसने

कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की ।

एपीजे अब्दुल कलाम



राकेश कुमार


www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar
The change makers

# दिवस विशेष
10 जनवरी


मधु प्रिया

## विश्व हिन्दी दिवस 10 जनवरी




विश्व हिन्दी दिवस प्रति वर्ष 10 जनवरी को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य विश्व में हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिये जागरूकता पैदा करना तथा हिन्दी को अन्तरराष्ट्रीय भाषा के रूप में पेश करना है। विदेशों में भारत के दूतावास इस दिन को विशेष रूप से मनाते हैं। सभी सरकारी कार्यालयों में विभिन्न विषयों पर हिन्दी में व्याख्यान आयोजित किये जाते हैं। विश्व में हिन्दी का विकास करने और इसे प्रचारित-प्रसारित करने के उद्देश्य से विश्व हिन्दी सम्मेलनों की शुरुआत की गई और प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन 10 जनवरी 1975 को नागपुर में आयोजित हुआ तब से ही इस दिन को 'विश्व हिन्दी दिवस' के रूप में मनाया जाता है।विश्व हिन्दी दिवस का उद्देश्य विश्व में हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिये जागरूकता पैदा करना, हिन्दी को अन्तरराष्ट्रीय भाषा के रूप में पेश करना, हिन्दी के लिए वातावरण निर्मित करना, हिन्दी के प्रति अनुराग पैदा करना, हिन्दी की दशा के लिए जागरूकता पैदा करना तथा हिन्दी को विश्व भाषा के रूप में प्रस्तुत करना है।विश्व हिंदी दिवस पहली बार 10 जनवरी, 2006 को मनाया गया था। तब से यह हर साल 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस मनाया जाता है। भारत के पूर्व प्रधानमन्त्री मनमोहन सिंह ने 10 जनवरी 2006 को प्रति वर्ष विश्व हिन्दी दिवस के रूप मनाये जाने की घोषणा की थी।

# जयंती विशेष 10 जनवरी




प्रसिद्ध विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री और शिक्षाशास्त्री डॉ. जॉन मथाई का जन्म 10 जनवरी, 1886 ई. को तिरुवनंतपुरम के एक संपन्न परिवार में हुआ था। तिरुवनंतपुरम और मद्रास में शिक्षा प्राप्त करने के बाद उन्होंने ऑक्सफोर्ड और लंदन विश्वविद्यालय में अपनी शिक्षा पूरी की। वे लंदन विश्वविद्यालय के डी. एस-सी. थे।

# TOB खेल कॉर्नर

## WPL 2026

# टीमों की कप्तान

**MI**
हरमनप्रीत कौर

**RCB**
स्मृति मंधाना

**DC**
जेमिमा रोड्रिग्ज




**UPW**
मेग लैनिंग

**GJ**
एश्ले गार्डनर

# मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम
## (सुरक्षित शनिवार)

राकेश कुमार

## माह: January 2026

| | |
|---|---|
| **प्रथम शनिवार**<br>दिनांक **03.01.2026** | शीतलहर से खतरे एवं बचाव के बारे में जानकारी  |
| **द्वितीय शनिवार**<br>दिनांक **10.01.2026** | सड़क / रेल दुर्घटना से खतरे एवं बचाव के सन्दर्भ में जानकारी  |
| **तृतीय शनिवार**<br>दिनांक **17.01.2026** | भूकंप के संदर्भ में कौशल विकास एवं प्रशिक्षण तथा अभ्यास  |
| **चतुर्थ शनिवार**<br>दिनांक **24.01.2026** | बाल शोषण से बचाव एवं बाल विवाह तथा बाल अधिकार के बारे में जानकारी  |

**किसी माह पांचवे शनिवार पड़ने की स्थिति में**
**बच्चों को स्वच्छता संबधित जानकारी देंगे एवं उसका अभ्यास करायेंगे।**

**बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण**

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **10.01.2026**

## व्यवहारिक ज्ञान

व्यवहारिक ज्ञान **(Practical Knowledge)** वह ज्ञान है जो वास्तविक जीवन के अनुभवों, प्रयोगों और दैनिक कार्यों से प्राप्त होता है, जिसका उपयोग समस्याओं को हल करने, निर्णय लेने और कुशलतापूर्वक काम करने के लिए किया जाता है, और यह किताबी (सैद्धांतिक) ज्ञान से अलग होता है, जो किताबों या कक्षाओं से सीखा जाता है; यह 'करके सीखना' **(Learning by doing)** पर आधारित है, जैसे खाना बनाना या गाड़ी चलाना, और यह आत्म-शिक्षण व जीवन में सफलता के लिए महत्वपूर्ण है ।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान





37 सालों तक बच्चों के दिलों पर राज करने के बाद **डोरेमोन** का प्रसारण आधिकारिक रूप से **बंद** हो गया है। मेकर्स ने इस शो को बंद करने का **ऐलान** कर दिया है। इसके साथ ही एक पूरा बचपन, यादें और **मासूमियत** का दौर खत्म हो गया।

# पद्य पंकज

"

अब फैला फूलो में विकास,
मुकुलों के उर में मदिर वास,
अस्थिर सौरभ से मलय -श्वास,
जीवन- मधु- संचय को उन्मन
करते प्राणों के कवि गुंजन!

**सुमित्रा नंदन पंत**

www.padyapankaj.teachersofbihar.org

Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
विश्व
हिंदी दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएँ
10 जनवरी
www.teachersofbihar.org
Madhu priya


10 जनवरी
हमारी एकता और अखंडता ही
हमारे देश की पहचान है
हिंदुस्तानी हैं हम
और हिंदी हमारी जुबान है।
विश्व हिंदी दिवस पर आप सभी को
शुभकामनाएं।
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
Madhu priya
/teachersofbihar